418

SSLC MODEL EXAMINATION—FEBRUARY, 2013

HINDI

Time: 1½ hours | *Total Score*: 40

सामान्य निर्देश:

- सभी प्रश्नों के उत्तर लिखें ।
- पन्द्रह मिनट का कूल ऑफ टाइम दिया जाएगा । यह प्रश्न पत्र का वाचन करने तथा उत्तर लिखने की पूर्व तैयारी केलिए है ।
- 5 से 7 और 8 से 11 तक के प्रश्न विकल्प हैं।

1. तालिका की पूर्ति करके लिखें । 2

पाठ	प्रोक्त	लेखक
प्रिय डाक्टर्स	....	पुनत्तिल कुञ्ञब्दुल्ला
मनुष्यता	कविता	....
सकुबाई	नाटक अंश	....
....	कहानी	उषा प्रियंवदा

2. अंग्रेज़ी के शब्दों के स्थान पर उनका समानार्थी हिन्दी शब्द रखकर निम्नलिखित खंड का पुनर्लेखन करें । 3

किरण Medical Certificate लेने केलिए अस्पताल गया । Enquiry से पता चला कि डॉक्टर Intensive care Unit में है ।

(पूछताछ, प्रयोगशाला, चिकित्सा प्रमाण पत्र, गहन चिकित्सा कक्ष)

3. निम्नलिखित घटनाओं को क्रमबद्ध करके लिखें । 2

- घर में दूध का महोत्सव शुरू हुआ ।
- गौरा कुछ ही दिनों में सब से हिल मिल गई।
- गौरा का स्वास्थ्य बिगडता रहा।
- गौरा एक पुष्ट सुन्दर वत्स की माँ बनी ।

4. निम्नलिखित चरित्रगत विशेषताओं में से डौली की विशेषताएँ चुनकर लिखें । 2

- छोटे-बड़े का भेदभाव नहीं रखनेवाली।
- अशिक्षित गरीबों को हीन दृष्टि से देखनेवाली ।
- जानवरों से ममता रखनेवाली।

सूचना : 5 से 7 तक के प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखें । 2×2= 4

5. सेठजी के अस्पताल में चिकित्सा की सुविधाएँ तो काफी थी । फिर भी बाबुलाल तेली को निराश क्यों लौटना पड़ा ?

6. "चाय के पैकट के साथ एक कप मुफ़्त मिलता है आजकल ।" इसके पीछे व्यापारियों की कौन सी मनोवृत्ति प्रकट है ?

7. धोबी और माली जैसे गरीबों के बच्चों के साथ खेलने से डौली को मना कर दिया जाता है । क्यों ? इस पर अपना विचार प्रकट करें ।

सूचना : 8 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखें । 3×4= 12

8. सुप्रसिद्ध पहलवान गामा ने विश्व के सारे पहलवानों को कुश्ती में चैलेंज दिया । अखबार से यह समाचार पढ़कर एक फ़ारसी पत्रकार गामा से मिलने आता है । गामा और फ़ारसी पत्रकार के बीच का वार्तालाप कल्पना करके लिखें ।

9. अपने पालित जीव-जंतुओं के प्रति अटूट आस्था रखनेवाली महादेवी जी के लिए गौरा की असामयिक मृत्यु अत्यंत मर्मभेदक थी । गौरा की मृत्यु के दिन में महादेवी द्वारा लिखित डायरी कल्पना करके लिखें ।

10. नदी और साबुन कविता के आधार पर प्रदूषण पर एक लेख लिखें ।

- प्रदूषण से तात्पर्य ।
- प्रदूषण के कारण ।
- प्रदूषण के प्रकार ।
- प्रदूषण से उत्पन्न रोग ।
- प्रदूषण के निवारण के मार्ग ।

11. डाक्टर की लापरवाही से बाबुलाल तेली की जो दुर्दशा हुई, उस पर एक रपट तैयार करें ।

सूचना : निम्नलिखित कविता पढ़कर उसके नीचे दिये प्रश्नों के उत्तर लिखें

फूलों से नित हँसना सीखो
भौरों से नित गाना ।
तरु की झुकी डालियों से
सीखो नित शीश झुकाना ।
वर्षा की बूँदों से सीखो
सबको गले लगाना ।
सीख हवा के झोंकों से
लो, कोमल भाव जगाना ।

(भौरा-भ्रमर, तरु-वृक्ष, शीश-सिर)

12. तरु की डालियों से क्या सीखने केलिए कहा गया है ? 1

(गाना, सिरझुकाना, गले लगाना, हँसना)

13. कवितांश केलिए उचित शीर्षक लिखें । 1

14. कविता का आशय लिखें । 3

सूचना : निम्नलिखित अंश का संशोधन करके लिखें । 2

15. तमिलनाडु का राजधानी चेन्नै है । पहले यह मछुआरों का बस्ती था । लेकिन आज यह भारत का चार महानगरों में एक है ।

सूचना : निम्नलिखित विशेषणों में से उचित विशेषण चुनकर खंड का पुनर्लेखन करें । 2

16. सजीव एक — लड़का था । वह हमेशा अपने — माँ-बाप की सहायता करता था । उसकी एक — बहन थी । वह — लड़की थी ।

(छोटी, मेहनती, बूढे, गोरी, थोड़ा)

सूचना : उचित योजक से वाक्यों को मिलाएँ । 1

17. गीता की माँ अस्पताल में है । गीता को स्कूल से जल्दी जाना है ।

(जबकि, इसलिए)

सूचना : खंड पढ़कर नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें ।

प्रत्येक सच्चा कलाकार अपने युग का प्रतिनिधि होता है । वह अपनी कला के माध्यम से समाज का यथार्थ रूप व्यक्त करता है । समाज ही उसकी सच्ची साधना स्थली होता है । यह भी सत्य है कि समाज से उसे प्रेरणा मिलती है । साहित्यकार समाज का असाधारण प्राणी है क्योंकि वह सामाजिक गतिविधियों को अनुभव करता हुआ उन्हें अभिव्यक्त भी करता है ।

18. साहित्यकार की सच्ची साधनास्थली क्या है ? 1

(समाज, कविता, कला, प्रेरणा)

19. खंड में 'कलाकार' शब्द —— है । 1

(क्रिया, संज्ञा, सर्वनाम, विशेषण)

20. 'उन्हें' में प्रयुक्त सर्वनाम है ——। 1

(वह, यह, ये, वे)

21. "साहित्यकार एक असाधारण प्राणी है ।" क्यों ? 2